वी.यू. ग्रंथालय का नवीनीकरण एवं आधुनीकीकरण

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के ग्रंथालय के विकास एवं आधुनीकीकरण के लिये भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा कुल डेवलपमेंट ग्रांट विगत माह 35 लाख रूपये की राशि रिलीज की गई है। विश्वविद्यालय, ग्रंथालय के नवीनीकरण की दिशा मे एक कदम है। विश्वविद्यालय ग्रंथालय में रेडियो फ्रिक्वेनसी आईडेंटीफिकेशन डिवाइस (आर.एफ.आई.डी) प्रोघोगिकी के माध्यम से पूर्ण रूप से ग्रंथालय के दैनिक कार्यो को सुचारू रूप से संचालित किया जा सकता हैं। यह प्रोघोगिकी माइक्रोचिप टेक्नोलॉजी पर आधारित हैं। इस तकनीक का उपयोग करके ग्रथांलय में उपलब्ध समाग्री को सुरक्षित रखा जा सकेगा एवं छात्र–छात्राओं/शिक्षको को अतिषीघ्र सदर्भ ग्रंथो, शोध ग्रंथो की त्वरित जानकारी दी जा सकेगी। शेष राशि मे से 10 लाख रूपये की राशि प्रिंट पुस्तको के क्रय के लिये एवं कम्पयूटर, उपकरणो को प्रलेखो को डिजीटीलाईजेशन के लिये प्रदाय की गई हैं।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि., जबलपुर